दिनांक–28.05.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा के सातवें और अंतिम चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज झारखंड में करेंगे चुनावी सभा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुनावी सभाएं 30 मई को।
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिये नियुक्त अधिकारियों को सभी जरूरी व्यवस्था करने के दिए निर्देश।
- प्रदेष में भीषण गर्मी का दौर जारी। आज ग्वालियर, दतिया, भिंड सहित कई जिलों में तीव्र लू चलने की चेतावनी।
- इंदौर में चार दिवसीय देवी अहिल्याबाई जयंती समारोह आज से।

प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान वाले राज्यों में चुनाव प्रचार चरम पर है। इस चरण में एक जून को आठ राज्यों की 57 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। चार जून को मतगणना के साथ नतीजे आएंगे। इस क्रम में प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी आज झारखंड के दुमका हवाईअड्डा मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री मोदी दुमका संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहीं सीता सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा कल देवघर में तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे, जबकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 30 मई को चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। झारखंड के संथाल क्षेत्र के तीन निर्वाचन क्षेत्रों गोड्डा, दुमका और साहिबगंज में मतदान होगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी एकमात्र साहिबगंज सीट जीती थी।

मतगणना तैयारियां

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों के संबंध में कल वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री राजन सहित राज्य के सभी जिलों के कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी, 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी शामिल हुए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतगणना स्थल की सुरक्षा, मतगणना परिसर में प्रवेश, गर्मी को देखते हुए एम्बुलेंस, दवाईयां, फायर ब्रिगेड, मतगणना सूचनाओं का चक्रवार आदान–प्रदान, स्ट्रांग रूम से मतगणना केन्द्र तक ईवीएम को लाने, ले–जाने, पोस्टल बैलेट की गणना आदि सभी व्यवस्थाएं अपनी निगरानी में कराएं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. एसएस संधू भी उपस्थित थे।

मतगणना–प्रवेश पत्र

लोकसभा चुनाव की चार जून को होने वाली मतगणना के लिए बनाए गए मतदान केंद्र में प्रवेश–पत्र धारकों को ही प्रवेष की अनुमति होगी। मतगणना केंद्र में प्रवेश–पत्र धारी अधिकारियों, कर्मचारियों, मतगणना एजेंट, पत्रकारों व सुरक्षा कर्मियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना केन्द्र परिसर के बाहर भीड़ के प्रबंधन के लिए भी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मतगणना की तैयारियों की कल समीक्षा करते हुए इसके लिए तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

जल स्रोत संरक्षण

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में नदी, तालाबों, झीलों, कुओं, बावड़ियों और अन्य जल स्रोतों के संरक्षण व इनके पुनर्जीवन के लिए 5 जून से 15 जून तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह विशेष अभियान स्थानीय जन–प्रतिनिधियों, सामाजिक व अशासकीय संस्थाओं एवं जन अभियान परिषद की सहभागिता से चलाया जाएगा। अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से प्रदेश भर में

मौजूद जल स्रोतों के स्थायी संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियां की जाएंगी। अभियान के संचालन के लिए शहरी क्षेत्र में नगरीय विकास एवं आवास विभाग नोडल विभाग रहेगा। नगरीय विकास और आवास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने सभी कलेक्टर्स से कहा है कि अभियान के दौरान दूसरे चरण के अमृत योजनान्तर्गत प्रचलित जल संरचनाओं के उन्नयन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से कराया जाए।

मौसम

प्रदेष में भीषण गर्मी का दौर जारी है। भोपाल, सीहोर, खंडवा, षाजापुर, छतरपुर सहित 17 जिलों में लू का प्रभाव रहा। भोपाल और टीकमगढ़ में रात में भी गर्म हवाओं का असर रहा। वहीं इंदौर, मंदसौर, रतलाम सहित 12 जिलों में धूल भरी आंधी चली। मौसम विभाग ने आज राजगढ़, नीमच, गुना, अषोकनगर, षिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में तीव्र लू की चेतावनी जारी की है। प्रदेष के विदिषा सहित 12 जिलों में कहीं–कहीं लू चलने की संभावना है। कल सर्वाधिक तापमान निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में 48 दषमलव 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट और पांडूरना जिलों में आंधी–तूफान के साथ ओले गिरने की संभावना जताई है। वहीं कल इंदौर, उज्जैन संभागों के जिलों में कहीं–कहीं बारिष दर्ज की गई। जिससे लोगों को गर्मी में कुछ राहत मिली।

अहिल्याबाई समारोह

इंदौर में आज से चार दिवसीय देवी अहिल्याबाई जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। 31 मई तक चलने वाले समारोह का आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा इंदौर जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। समारोह के पहले दिन आज शाम 7 बजे से साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में देवी अहिल्याबाई नगर गौरव सम्मान एवं राष्ट्रीय काव्य पाठ का आयोजन किया जायेगा। दूसरे दिन 29 मई को देवी अहिल्याबाई होल्कर के अवदान पर केन्द्रित प्रजाहित कारिणी महानाट्य का मंचन होगा। समारोह के अंत में 31 मई को राजवाड़ा परिसर में आदरांजलि कार्यक्रम होगा।

मांस–मछली कार्रवाई

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों द्वारा खुले में मांस–मछली बेचने और नियमों का उल्लंघन करने वाले मांस–मछली विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। सोमवार को प्रदेश के 16 नगर निगमों, 99 नगर पालिकाओं और 298 नगर परिषदों सहित सभी 413 नगरीय निकायों में कुल 651 विक्रय केन्द्रों पर कार्रवाई की गई। नगरीय निकायों द्वारा संबंधितों पर कार्रवाई कर 76 हजार 400 रुपए का अर्थदंड भी वसूला गया। सर्वाधिक 28 हजार 250 रुपए का अर्थदंड जबलपुर संभाग के नगरीय निकायों द्वारा वसूला गया। उल्लेखनीय है कि प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा विभागीय आयुक्त के निर्देश पर मांस–मछली के अवैध विक्रय एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर इसकी जानकारी सभी नगरीय निकायों द्वारा रोजाना गूगल शीट में दी जा रही है।

बिजली मीटर

यदि किसी उपभोक्ता को बिजली मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कालसेंटर के फोन नंबर 1912 पर, उपाय एप और ऑनलाइन वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बिजली वितरण केन्द्र/जोन कार्यालय में भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था की गई है। मीटर में तोड़फोड़ या अन्यत्र स्थापित करने अथवा सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने पर उपभोक्ता के विरूद्ध कानूनी कार्रवाही होगी। बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर 3 वर्ष तक का कारावास अथवा 10 हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- निवाड़ी जिले में महाकवि केशव स्मृति समारोह ओरछा महोत्सव का आयोजन के पहले दिन कल कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।
- खण्डवा में आज लोकसभा चुनाव के मतगणना कार्य हेतु नियुक्त मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माईक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- नर्मदापुरम जिले में 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाएगा।
- कटनी जिले में रबी उपार्जन के अंतर्गत अब तक कुल 1 लाख 17 हजार 263 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। जो विगत वर्ष की खरीदी से ज्यादा है।
- कटनी  नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न संभावित आपदाओं के पूर्वानुमान और उनसे निपटने की कार्ययोजना तैयार करने के लिऐ प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।
- इंदौर जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार के लिए वृक्षारोपण का महा अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।
- रायसेन जिला कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में समय सीमा वाले विभागीय पत्रों तथा गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को उन पर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए।
- मंडला में रबी वर्ष 2024 में ई–उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग, उड़द का पंजीयन 5 जून तक किया जाएगा।

.....................